## खबर संक्षेप

### नगरवासियों ने उठाया खूब आनंद, आज अंतिम दिन

**देवेंद्रनगर।** दशहरे के अवसर पर नगर में गरबा महोत्सव इस बार विशेष आकर्षण बना हुआ है। संस्कार गार्डन, सतना रोड में हो रहे इस दो दिवसीय आयोजन ने नगरवासियों को पारंपरिक उल्लास और पारिवारिक मेल-जोल का अद्भुत अवसर दिया। 30 सितंबर को हुए पहले दिन के कार्यक्रम में नगर के परिवारों ने गरबे की थाप पर खूब झूमकर आनंद लिया। हर उम्र के लोग उत्साह और उमंग के साथ शामिल हुए और देर रात तक माहौल पूरी तरह उत्सवधर्मी बना रहा। इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि प्रवेश केवल पति-पत्नी के जोड़े को ही दिया गया। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि बच्चे हों या बड़े, सभी पारंपरिक भारतीय धार्मिक वेशभूषा में ही प्रवेश पाएँ। आयोजन समिति ने इस बात का पूरा ध्यान रखा कि कोई भी प्रतिभागी पश्चिमी सभ्यता के पहनावे या अनुकरण के साथ प्रवेश न कर सके। इस नियम ने कार्यक्रम को और भी सात्विक, सांस्कृतिक और अनुशासित बना दिया। आज 1 अक्टूबर को महोत्सव का दूसरा और अंतिम दिन है, जिसमें नगरवासी पुनः पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लेंगे। आयोजकों का कहना है कि यह महोत्सव नगर में सांस्कृतिक एकता, सद्भाव और परंपरा का प्रतीक बन गया है।

### श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर के ट्रस्टियों द्वारा द्वारा टीबी मरीजों को दिया पोषण आहार



**पन्ना।** महामति स्वामी श्री प्राणनाथ जी के प्रगटन के उपलक्ष में श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के द्वारा टीबी मरीजों को निक्षय मित्र बनकर फूडवासकेट (पोषण आहार) का वितरण किया गया। मंदिर ट्रस्ट की ओर से उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, सचिव प्रेम शर्मा, प्रबंधक आशीष शर्मा एवं न्यासियों के द्वारा पोषण किट का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला क्षय अधिकारी डॉ. जीतेन्द्र यादव, डीपीसी विकास श्रीवास्तव, पीएमडीटी कॉडिनेटर राजेश आरख, एसटीएस अमरेश शर्मा गोपाल जी, क्षय रोग पर्यवेक्षक अमानगंज रविकांत दहायत, भारती रैकवार, साईं आशीष हेल्थ केयर मैनेजमेंट से जिला कार्यक्रम प्रबंधक राजेन्द्र कुमार लोधी, काउंसलर चंदन यादव सहित अन्य अन्य लोग शामिल रहे।

### 2 अक्टूबर से संचालित होगा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के संकल्प तथा इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य की पूर्ति के उद्देश्य से पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 2 से 9 अक्टूबर तक दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान में विभाग के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी एवं मैत्री पशुपालकों एवं किसानों से घर-घर जाकर संपर्क करेंगे तथा विभागीय योजनाओं, कृत्रिम गर्भाधान से नस्ल सुधार, सेक्सड सॉर्टेड सीमन तकनीक, एंब्रियो ट्रांसफर तकनीक, पशु पोषण, बीमारियों से पशुओं का बचाव और टीकाकरण के बारे में जानकारी प्रदान कर जागरूक करेंगे। इस दौरान विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों जैसे नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य एवं पोषण के बारे में पशुपालकों को जागरूक भी किया जाएगा। प्रथम चरण में 10 अथवा अधिक गौ भैंसवंशीय पशु रखने वाले पशुपालकों की जानकारी एकत्र की जाएगी, जबकि द्वितीय चरण में 10 से कम एवं 5 से अधिक तथा तृतीय चरण में 5 से कम पशुओं वाले पशुपालकों की जानकारी का संकलन किया जाएगा। इस संबंध में गत दिवस जिले के सभी विकासखंड में एव्हीएफओ और मैत्रियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान में पशुपालकों की आय तथा दुग्ध उत्पादन में वृद्धि की कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

### गाँधी और शास्त्री जयंती पर कांग्रेस की प्रभात फेरी

**पन्ना।** जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती 02 अक्टूबर के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। म.प्र. कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रजीतू पटवारी जी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना 02 अक्टूबर 2025 को सुबह 10 बजे से प्रभात फेरी का आयोजन करेगी। जिसके उपरांत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और वरिष्ठ गाँधीवादी कांग्रेस नेताओं का सम्मान किया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीस खान ने बताया कि यह कार्यक्रम शांति और अहिंसा के पुजारी महात्मा गाँधी जी की विचारधारा तथा शास्त्री जी के जय जवान जय किसान के नारे के माध्यम से देश के विकास और सशक्त राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

# असत्य पर सत्य की विजय का महापर्व दशहरा पर विशाल रावण दहन आज



अजयगढ़।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सत्य की असत्य पर विजय के महा पर्व विजयादशमी दशहरा के पावन पर्व पर श्री रामलीला समिति अजयगढ़ द्वारा विशाल रावण दहन कार्यक्रम दिनांक 2 अक्टूबर दिन गुरूवार को स्थानीय अजयपाल स्टेडियम में किया जा रहा है जिसमें भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष खजुराहो के लोकप्रिय सांसद वीडी शर्मा और पन्ना विधानसभा के लोकप्रिय विधायक विकाश पुरुष पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह जी के मुख्य आतिथ्य में समय रात्रि 10 बजे संपन्न होगा साथ ही मूर्तियों को पुरस्कार वितरण नगर की प्रतिभाओं का सम्मान पत्रकारों का सम्मान भी किया जाएगा श्री रामलीला समिति ने सभी सम्मानित क्षेत्र वासियों व नगर वासियों से अपील करते हुए कहा है की ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाए और धर्म लाभ प्राप्त करे।

## 51 दीपों से हुई जगत जननी कलेही मां की महा आरती









### हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु लिया धर्म लाभ

**पवई।** बुंदेलखंड में प्रसिद्ध पन्ना जिले के पवई में पतने नदी के किनारे विराजमान सिद्ध शक्तिपीठ माता कलेही की अष्टमी तिथि पर बीते वर्षों की भांति महा आरती का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी डॉ हरिकेश बड़ोलिया के द्वारा 51 घृत दीपों से माता की महा आरती की गई। महा आरती में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धर्म लाभ लिया। लोगों की संख्या को देखते हुए प्रशासन के द्वारा मंदिर के बाहर प्रोजेक्टर के माध्यम से महा आरती का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया ताकि लोगों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से स्थानीय प्रशासन,नगरीय प्रशासन के साथ पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। स्वयं तहसीलदार त्रिलोक सिंह,थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी आरती में पहुंचे। महा आरती के पश्चात धर्म प्रेमियों के द्वारा खीर पुरी के प्रसाद के साथ फल इत्यादि का वितरण भी किया गया इसके अलावा 9 दिनों तक धर्म प्रेमियों के द्वारा मंदिर परिसर में भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। बता दें कि चाहे चौत्र नवरात्रि हो या शारदेय नवरात्रि माता जगत जननी कलेही की अष्टमी तिथि को महा आरती का आयोजन किया जाता है,जिसमें नगर ही नहीं,क्षेत्र ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों से लोग भी पहुंचते हैं। माता की महा आरती की भव्यता देखते ही बनती है। माता की अद्भुत छवि के दर्शन करने से मन पवित्र और आनंद से भर जाता है।

### वार्ड नंबर 12 में विराजमान मां दुर्गा की थाना प्रभारी ने सपरिवार की आरती

नवरात्रि पर्व पर पवई नगर में लगभग 40 दुर्गा प्रतिमा विराजमान है और शाम होते ही धार्मिक अनुष्ठान जारी है इसी को लेकर थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी ने परिवार सहित पहुंचकर वार्ड नंबर 12 मे मां वैष्णो दुर्गा उत्सव समिति द्वारा आयोजित महा आरती में सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठाया महा आरती में सैकड़ो की संख्या में धर्मप्रेमी मौजूद रहे।



## 2 अक्टूबर से ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन

# समर्थन संस्था 37 ग्राम पंचायत के 60 गांव में चला रही जागरूकता अभियान

### ग्राम सभा में होगा आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तीकरण पर मंथन ग्राम संसद में महिला हितैषी योजना पर होगी चर्चा

पन्ना।

गांधी जी का ग्राम स्वाराज का सपना पूरा करने के लिये सरकार एवं प्रशासन लगातार प्रयास किया जा रहा है। ग्राम सभाओ के चरणबद्व आयोजन में नो थीम में ग्राम विकास योजना बनाने पर चर्चा की जायेगी। गरीबी मुक्त ग्राम, अधोसंरचना, शुशासन, जल संतृप्त, हरभरा साफ-सुथरा गांव, महिला हितैषी, बाल हितैषी, शिक्षा स्वास्थ्य महिला हितैषी योजना बनानेपर जोर दिया जा रहा है। ग्राम सभा पूर्व तैयारी - समर्थन संस्था ने ग्राम सभा पूर्व वार्ड, महिलाओ ,युवाओ एवं बजुर्गो के साा ग्राम विकास योजना पर चर्चा कर गतितविधियो का चिन्हाकन कर लिया है। समावेशी विकास पर आधारित होगी योजना ग्राम विकास योजना में गांव के सम्रग्र विकास पर चर्चा होगी लगातार जागयकता अभियान चलाकर ग्राम जल एवं स्वच्दता समिति गांव के पंच,ग्राम संगठन की दीदियो एवं स्थानीय संगठनो को भागीदारी करने के लिये प्रेरित किया गया। ग्राम सभा में जाने सपथ ग्राम सभा में भागीदारी बढ़ाने आमांत्रण पत्र दिये गये हल्दी चावल भी बांटा गया। स्वच्छता हमारा धर्म है अब गांव हमारा साफ सुथरा रहेगा। बच्चो की पहल बाल केविनेट में सफाई पर प्रस्ताव पास किये गये।

# मां के पर्व में जिले की कमान नारी शक्ति के हाथों में चर्चा में

### श्रीमती ऊषा परमार होंगी पन्ना कलेक्टर वहीं विगत कुछ समय पूर्व पुलिस कप्तान के रूप में नवेदिता नायडू पदभार संभाल चुकी है





पन्ना।

अपर आयुक्त भोपाल संभाग एवं वर्ष 2011 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी श्रीमती ऊषा परमार पन्ना की नई कलेक्टर होंगी। मूलतः छत्तीसगढ़ निवासी श्रीमती परमार वर्ष 2011 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। 56 वर्षीय नवागत कलेक्टर श्रीमती परमार ने एमएससी भौतिकी की उपाधि प्राप्त की है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मंगलवार को 24 आईएएस अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश जारी किए गए। वर्तमान पन्ना कलेक्टर श्री सुरेश कुमार को विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी सह आयुक्त चंबल संभाग मुरैना बनाया गया है। गौरतलब बात यह है कि जहां मां का पर्व इस समय मनाया जा रहा है वहीं जिले की कमान जिला कलेक्टर के रूप में श्रीमती ऊषा परमार को सौंपी गई है इतना ही नहीं कुछ दिवसों पूर्व पन्ना पुलिस कप्तान के रूप में नवेदिता नायडू पदभार संभाल चुकी है। इस तरह से पन्ना जिले के प्रषासन की बात करें तो जिला प्रषासन व पुलिस प्रषासन दोनों की कमान अब नारीषक्ति के रूप में मां दुर्गा के दिनों में सौंपी गई है। यहां निष्चितौर पर जिस तरह से मां के दिनों को अच्छे दिनो के रूप में माना जाता है इसतरह पन्ना जिले के भी यह समय पुनीत माना जा रहा है क्योंकि जहां भावी भविष्य सपनों से आगे विकास की दिषा तय करने के लिए दोनों अधिकारियों की महती जिम्मेदारी प्रमुख होती है। पन्ना जिले में तो वैसे भी पिछले समय को याद किया जाये तो कलेक्टरों की भूमिका ही महत्वपूर्ण सावित हुई है। वहीं पुलिस प्रषासन की बात करें तो पन्ना जिले में सायद पहली बार नवेदिता नायडू पहली पुलिस अधीक्षक के रूप में जिम्मेदारी संभाल चुकी है इस तरह से पन्ना जिले में दोनों ही पदों में जहां अब सबकी निगाहें टिकी हुई है। प्रषासन को लेकर इतना ही नहीं अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में ही जिम्मेदारी महिला अधिकारी के रूप में पहले ही उचित माना गया है। इसतरह से यह समय पन्ना जिले के लिए बेहतर भविष्य तय करने को लेकर जाना जा सकता है।

### आबकारी विभाग द्वारा तीन स्थानों से अवैध शराब पकड़ी



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभू दयाल सिंह जाटव के मार्गदर्शन में पन्ना शहर में अवैध शराब के लिए अभियान चलाया जा रहा है। आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पन्ना मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई थी, कि पवित्र शहर पन्ना के कुछ क्षेत्रो में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। अतः आबकारी टीम द्वारा शिकायत में बताए गए स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर विधिवत तलाशी ली गई। जिसमें बायपास मोड़ में किराने की दुकान चला रहे ध्रुव कुशवाहा पिता श्री बाबूलाल कुशवाहा, उम्र 46 वर्ष निवासी मनोर के कब्जे से 24 पाव देशी शराब सादा कीमती लगभग 1800 रुपए जप्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आगरा मोहल्ला में पशु चिकित्सालय के सामने दुकान चला रहे संदीप यादव पिता श्री मुन्ना लाल यादव उम्र 45 वर्ष निवासी आगरा मोहल्ला पन्ना के कब्जे से 20 पाव देशी शराब सादा कीमती 1500 रूपये जप्त की गई। आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 का अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसी तरह सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायत की जांच में डायमंड चौराहा के पास दुकान से सुनील सिंह राजपूत पिता श्री बुद्ध सिंह राजपूत, उम्र 34 वर्ष, निवासी छत्रसाल वार्ड पन्ना के कब्जे से 22 पाव देशी शराब प्लेन जप्त की गई। आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 का अपराध पंजीबद्ध किया गया। आबकारी विभाग द्वारा लगातार अभियान जारी है, गौरतलब है कि इससे पूर्व रानीगंज मोहल्ला में भी दो आरोपियों को अवैध शराब बेचते हुए पकड़ा गया था। आगे भी इस तरह का अभियान जारी रहेगा। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय, आबकारी आरक्षक सुश्री स्मिता ठाकुर, आरक्षक रवि प्रकाश मिश्रा, सोनू कोरकू, नगर सैनिक मोतीलाल प्रजापति, फोटोलाल प्रजापति, कौशल्या बाई, सुरेंद्र सोनू बुंदेला और जहान सिंह यादव शामिल रहे।

## नवरात्रि पर्व अंतिम दिन कन्या भोज, हवन, भंडारा आदि करते हुए मनाया







पन्ना।

शक्ति स्वारूपा मां दुर्गा का पर्व जहां जिला मुख्यालय से लेकर नगर कस्बों, तथा गांवों तक बड़े ही उत्साह से मनाया गया। आज मां की नवरात्रि के अंतिम दिन नौवें दिन जहां हवन-पूजन, कन्याभोज, भण्डारा आदि करते हुए श्रृद्धालुओं ने परम्परा को ध्यान में रखते हुए कहीं जवारे तो कहीं मां के भजन अलग ही गूंज चलती रही। कहीं-कहीं आज विसरजन भी देखने में आया नजर। नवदुर्गा का पर्व मां शक्ति स्वरूपा के नौ रूपों को लेकर अलग-अलग दिन जाने जाते है। यह पर्व शक्ति का पर्व आराधना भक्ति से ओतप्रोत माना जाता है। इस पर्व में समूचे 9 दिन मां के दिनों को जहां जिला मुख्यालय से लेकर नगर व कस्बों के साथ-साथ गांवों में भी बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया है। धर्म की आस्था की बात करें तो मानो ऐसा लग रहा है कि अब समूचे नगर व कस्बों के साथ-साथ गांवों में भी धर्म को लेकर मां का पर्व शक्ति के साथ युवाओं को दिशा दे रहा है। तभी तो बड़े ही जोष के साथ यह पर्व मनाया गया है। गांवों में तो मां की प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना आरती के समय समूचे गांवो के लोग शामिल होते है वहीं आज अंतिम दिन नवदुर्गा पर्व को लेकर जहां हवन पूजन कन्याभोज भण्डारा भी श्रृद्धानुसार सभी शामिल होकर मनाते है। धर्म की जय-जयकार के नारे मां के पर्व से ही जाने जा रहे है। धर्म ध्वजा फहराना वहीं आस्था व शक्ति को समेटे हुए समूचे संस्कार के लिए जहां यह पर्व अपनी अलग ही छाप छोड़ता है। मां का आर्षीवाद लेने के लिए युवाओं, महिलाओं व सभी श्रृद्धालुओं में मानो होड़ लग जाती है। वैसे भी यह पर्व शक्ति स्वरूपा मां की आराधना को लेकर तरह-'तरह से तपस्या के रूप में भी लोग बनाते है। आज कहीं कहीं विसर्जन भी मां का नजर आया। इस तरह से मां का पर्व बड़े ही श्रृद्धा भाव के साथ समापन हुआ।

## गाजे-बाजे के साथ मां दुर्गा विसर्जन, गांधी चौराहे पर घंटों चली घनघोर आतिशबाजी

**अमानगंज-** 9 दिन मां दुर्गा की पूजा अर्चना के बाद गाजे-बाजे के साथ मां दुर्गा का विसर्जन किया गया जिसमें मां के भक्त उत्साह के साथ झूमते गाते नाचते नजर आये। और विशाल भक्तों का जन समूह ढोल नगाड़ा की घनघोर ध्वनि में माता के भक्त घंटों नगर के मुख्य गांधी चौराहा पर झूमते रहे साथ ही लंबे समय तक घनघोर आतिशबाजी भी होती रही जिससे आकाश चमक उठा और सारा नगर माता के जयकारों से गुंजायमान होने लगा । कार्यक्रम के अंत में माता को नदी में विधि विधान से आरती पूजा के बाद विसर्जन किया गया।





## बड़ी उपलब्धि सिद्धांत चौहान बने कराते राष्ट्रीय रेफरी

**देवेन्द्रनगर।** इंदौर में आयोजित हुई 26 27 28 सितंबर कराते सेमिनार और एग्जाम विश्वास कराते फेडरेशन से मान्यता प्राप्त कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन की रेफरी चीप एडवाइजर शाहीन अख्तर भारत की पहली ड्ढ़ एकेएफ रेफरी और जज इस परीक्षा और सेमिनार को लिया जिसमें आरोग्य काला कराते और फिटनेस अकेडमी के वरिष्ठ कोच सिद्धांत सिंह चौहान ने सफलता पूर्वक एग्जाम को उत्तीर्ण किया और राष्ट्रीय रेफरी बने अकादमी के जनरल सेक्रेटरी विजय सिंह चौहान द्वारा बताया गया सिद्धांत सिंह चौहान ने 2012 से कराते का अभ्यास करना चालू किया था उन्हें कई स्टेट नेशनल चौंपियनशिप में भाग लिया गोल्ड सिल्वर मेडल अर्जित किया एसजीएफआई सीएम कप एमपी स्टेट ओपन नेशनल चौंपियनशिप उनके गोल्ड मेडल हैं अब उन्होंने कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के रेफरी बनकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष भरत शर्मा एमपीएसके (डच्ैज्ञ।) के जनरल सेक्रेटरी महेश कुशवाहा शिगोशोवा काई कराते ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष बीपी राणा जनरल सेक्रेटरी अमिताभ श्रीवास्तव मध्य प्रदेश करते रेफरी कमीशन असिस्टेंट एडवाइजर प्रतीक शर्मा मध्य प्रदेश ट्रेजर प्रवीन डोबले आरोग्य काला कराते और फिटनेस एकेडमी के अध्यक्ष ललित गुप्ता जनरल सेक्रेटरी विजय सिंह चौहान वरिष्ठ प्रशिक्षक मोहम्मद शफी व्यवस्थापक संतोष विश्वकर्मा गणेश विश्वकर्मा सीनियर प्लेयर जितेंद्र विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष रुचि चौहान सीनियर प्लेयर पूनम बर्मन सिवान तिवारी तनिस बानो महक परवीन इस बड़ी उपलब्धि शुभकामनाएं दी और अकादमी ने बच्चों को भारत लेवल नाम बनाने के लिए बधाइयां शुभकामनाएं दी।



# 51 फिट ऊंचा रावण का पुतला, आज होगा दहन

**फिर बदला रावण दहन का स्थान, इस बार मेला ग्राउण्ड निर्धारित, पास में स्थित है कई सरकारी कार्यालय**

**अन्नपूर्णा रामलीला समिति की 75वीं वर्षगांठ है**

छतरपुर।

पिछले 2 साल से रावण दहन के स्थान को लेकर ऐन बक्त पर अफरा तफरी का माहौल बन जाता है। जब से स्टेडियम में रावण दहन प्रतिबंधित कर दिया, तभी से यह अव्यवस्था देखने को मिल रही है।



बीते साल नबर वन स्कूल के प्रागंण को चुना गया था। लेकिन इस वर्ष वहां गरबा होने के कारण स्थान बदलना पड़ा और जब कहीं भी प्रशासन रावण दहन के लिए जगह उपलब्ध नही करा पाया तो ऐन बक्त पर मेला ग्राउण्ड में रावण दहन का कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया। जबकि मेला ग्राउण्ड रावण दहन के लिए पर्याप्त नही है फिर भी प्रशासन ने मेला ग्राउण्ड को ही रावण दहन का स्थान चुन लिया और तैयारियां शुरू कर दी गई। रावण दहन के कार्यक्रम के कारण एक बार फिर से सब्जी विक्रेता सड़को पर आ गए उन्हें मेला ग्राउण्ड से चार दिन पहले ही हटा दिया गया। इसके पहले जब मुख्यमंत्री का श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम था तब 15 दिन पहले से ही मेला ग्राउण्ड के सभी दुकानदारों को भगा दिया गया था। जिससे उनकी रोजी रोटी प्रभावित होती है मेला ग्राउण्ड को भले ही प्रशासन ने रावण दहन के लिए के लिए स्थान चुना है। लेकिन मेला ग्राउण्ड के चारो तरफ सरकारी कार्यालय अदालत परिसर, नगर पालिका कार्यालय स्थित है। जबकि सरकारी कार्यालयों के आसपास रावण दहन का कार्यक्रम उचित नही था और यहां पर्याप्त जगह भी नही थी फिर भी रामलीला कमेटी को मेला ग्राउण्ड देकर झुनझुना पकड़ा दिया गया।

### 75वीं वर्षगांठ पर रहेगी धूमधाम

इस बार अन्नपूर्णा रामलीला समिति की 75वीं बर्षगांठ है। और इस मौके पर गुरूवार को राम रावण युध्द की लीला होगी और फिर रावण दहन होगा हालाकि कार्यक्रम को भव्यता देने के लिए समिति पूरी तरह से प्रयासरत है। लेकिन जगह को देखते हुए समिति के कार्यकर्ताओं में वह उत्साह नही है जो स्टेडियम को लेकर होता था। इस बार 75वीं बर्षगांठ होने के कारण रामलीला में राम रावण युद्व के अलौकिक दृश्य का मंचन किया जाएगा।

### 51 फिट ऊंचा होगा रावण का पुतला

अन्नपूर्णा रामलीला समिति के अध्यक्ष दृगेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि इस बार 51 फिट ऊचे रावण का पुतला तैयार किया जा रहा है। चूकि समिति की 75वीं बर्षगांठ है। इसलिए इस बार इस कार्यक्रम को और भी धूमधाम से मनाया जा रहा है और उसकी व्यापक तैयारियां भी की गई है। पिछले दो साल से रावण दहन का स्थान बदले जाने से लोगों में तरह तरह की चर्चाएं भी हो रही है कि भाजपा का शासनकाल है। और भाजपा के शासन में ही रावण के दहन के लिए स्थाई स्थान निर्धारित नहीं किया जा रहा है। हर वार इधर से उधर स्थान बदलने पर आमजन मानस में रोष भी देखा जा रहा है।

रावण दहन कार्यक्रम के एक दिन पहले नगर पुलिस अधीक्षक अरूण सोनी ने सिटी कोतवाली टीआई अरविंद दांगी के साथ मेला ग्राउण्ड पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, इस दौरान अन्य अधिकारी भी मौजूद रहें। सीएसपी ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से सभी व्यवस्थाएं की जा रही है, ताकि आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## खबर संक्षेप



### डीजे की चपेट में आए युवक की दर्दनाक मौत

छतरपुर। शहर में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 45 वर्षीय एंथोनी अनुरागी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक एंथोनी अनुरागी पिता नत्थू अनुरागी निवासी खटकयना मोहल्ला बसारी दरवाजा अपने साथियों के साथ देवी मां की प्रतिमा विसर्जन के लिए ग्राम थरा जा रहे थे। जुलूस में डीजे भी शामिल था। बताया गया कि जुलूस जब संकट मोचन मंदिर के सामने पहुंचा, तभी डीजे का भुगतान किया गया और डीजे वाहन वहां से निकलने लगा। उसी दौरान डीजे वाहन की चपेट में आने से एंथोनी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल ई-रिक्शा से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर रवि सोनी ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के साथियों के अनुसार डीजे चालक तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था और घटना के बाद मौके से भाग निकला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे से मृतक के परिवार और मोहल्ले में शोक का माहौल है।

### राशन वितरण की अंतिम तिथि में 5 अक्टूबर तक हुई वृद्धि

छतरपुर। आयुक्त खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा जारी पत्रानुसार प्रदेश में अतिरिक्त वर्षा एवं उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं की हडताल होने के कारण माह सितम्बर 2025 के प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के शेष रहे हितग्राहियों को राशन वितरण की अंतिम तिथि में वृद्धि कर 05 अक्टूबर 2025 तक नियत की गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने राशन पर्चीधारी उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि जिनके द्वारा किन्ही कारणों से अभी तक माह सितम्बर 2025 की राशन सामग्री उचित मूल्य दुकान से प्राप्त नहीं की है, वह 5 अक्टूबर 2025 तक अनिवार्य रूप से उचित मूल्य दुकान से अपनी पात्रता अनुसार राशन सामग्री प्राप्त कर लें। अन्यथा की स्थिति में सितम्बर माह की राशन सामग्री से वंचित रह जायेंगे।

### सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक राम स्वरूप अवस्थी का हुआ सम्मान



छतरपुर। शासकीय प्राथमिक शाला हमा में पदस्थ प्रधानाध्यापक रामस्वरूप अवस्थी सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में विदाई समारोह एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री अवस्थी द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने से हुई। इसके बाद मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलन किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय के स्टाफ ने उनके 43 वर्ष की सेवाओं को याद करते हुए बताया कि अवस्थी ने हमेशा ईमानदारी और लगन से बच्चों को शिक्षा दी और विद्यालय के विकास के लिए कार्य किया। उनके पढ़ाए हुए अनेक विद्यार्थी आज शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर, पुलिस अधिकारी और प्रोफेसर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं। सेवानिवृत्ति के अवसर पर ग्रामीणों, परिवारजनों और विद्यालय के स्टाफ ने उन्हें शॉल, श्रीफल, पुष्पमाला भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान वे भावुक भी हुए। मूलतः ग्राम झमटुली निवासी अवस्थी ने अपने सेवाकाल में कई विद्यालयों में सेवाएँ दीं। समारोह में उनकी पत्नी कुसुम अवस्थी, विद्यालय का पूरा स्टाफ, ग्रामीणजन, विद्यार्थी और परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## दर्शना महिला समिति ने वृद्धजनों के बीच आयोजित किए रंगारंग कार्यक्रम

छतरपुर।




एक अक्टूबर बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर दर्शना महिला कल्याण समिति द्वारा दर्शन वृद्ध आश्रम में विविध सांस्कृतिक व मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान आश्रम के वृद्धजन पूरे उत्साह के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल हुए और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कैरम, चंदा पावा, रंगोली, नींबू-चम्मच, बोतल गेम और कुर्सी दौड़ जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताओं में वृद्धजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही समिति द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया गया, जिसमें डॉ. अमित अग्रवाल, डॉ. शाबिया खान और डॉ. तेब्या शुक्ला ने वृद्धजनों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया। श्रीमती प्रभा वैद्य ने बताया कि दर्शना वृद्ध आश्रम वर्ष 2003 से संचालित है। अब तक यहां 300 से अधिक वृद्धजन आश्रय प्राप्त कर चुके हैं। आश्रम उन वृद्धजनों के लिए परिवार जैसा सहारा बना है जिनके जीवनसाथी का निधन हो चुका है या जिनके परिजन उनकी देखभाल नहीं कर पाते। यहां उन्हें भोजन, स्वास्थ्य देखरेख के साथ ही स्नेह और आत्मीयता भी प्रदान की जाती है। समिति का मुख्य उद्देश्य वृद्धजनों के जीवन में सम्मान, आत्मविश्वास और खुशियों का संचार करना है। कार्यक्रम का समापन गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच हर्षोल्लास के साथ हुआ, जिसमें वृद्धजनों ने झूमकर आनंद लिया।

## 34 सालों में 1 दर्जन बार मिल चुका मां दुर्गा एकता उत्सव समिति को पुरस्कार

नौगांव।



नौगांव शहर में प्रति वर्ष 40 - 50 जगह मां दुर्गा की मूर्तियों की स्थापना की जाती है। नगर में जो भी मां दुर्गा की प्रतिमाएं रखी जाती हैं उन सब प्रतिमाओं में जो भी सबसे सुंदर प्रतिमा होती है जहां की सजावट, लाइटिंग सहित अनेक बिंदुओं को देखा जाता है। उन समस्त प्रतिमाओं का सबसे पहले नंबर की प्रतिमा का रामलीला की टीम द्वारा सर्वे किया जाता है। जिसमें पहले नम्बर की प्रतिमा को नगर की सवा सौ साल पुरानी रामलीला मंडल द्वारा पुरस्कार दिया जाता है। जिसमें फर्स्ट पुरस्कार बंटा सेठ चौराहे की समिति को रामलीला मंडल की ओर से लगभग एक दर्जन बार पुरस्कार मिला है। नौगांव की 121 वर्ष पुरानी रामलीला मंडल मल्होत्रा परिवार के द्वारा कराई जाती है। जो पहले नंबर की प्रतिमा होती है उसको दशहरे के दिन मेला ग्राउंड में रावण दहन से पूर्व मुख्य अतिथि के द्वारा 20, 25 हजार की जनता के बीच पुरस्कार दिया जाता है। रामलीला समिति के द्वारा सभी 40, 50 पंडालों में अलग अलग टीमों द्वारा भ्रमण करके निर्णायक समिति द्वारा चयन किया जाता है। जिस जगह की मां दुर्गा की झांकी अति सुंदर सुशोभित है। उस जगह की समिति को चयन करके रामलीला द्वारा समिति का मनोबल बढ़ाया जाता है और समिति को पुरस्कार दिया जाता है। नगर की 34 वर्ष पुरानी मां दुर्गा एकता उत्सव समिति द्वारा प्रति वर्ष यह मां की झांकी रखी जाती है जहां नगर में सबसे ज्यादा आरती में भीड़ होती है। यहां संगीतमय आरती में लोग झूमते नजर आ सकते हैं तो कई लोगों के सर मां आती हैं और वह लोग मां की आरती में मगन होते देखे जाते हैं।

**कलेक्टर ने कहा सीखो कमाओ योजना में स्थानीय स्तर की समस्त कंपनियों को पंजीकृत कराएं**

## समस्त आकांक्षी युवाओं को कौशल एवं रोजगार से जोड़ा जाए: कलेक्टर

छतरपुर।



जिला कौशल समिति (डीएससी) की बैठक मंगलवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में नवागत जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, सम्बंधित विभागीय अधिकारी, प्राचार्य शासकीय आईटीआई छतरपुर डी.के. करोसिया सहित समस्त आईटीआई के प्राचार्य उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने आईटीआई शासकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान में संचालित पाठ्यक्रम एवं विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली।

कलेक्टर ने सभी प्राचार्य आईटीआई को सोमवार तक बैंक खाते खोलने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संचालित योजनाओं पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली, पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को मिलने वाली वित्तीय राशि सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जीएम उद्योग विभाग को सीखो कमाओ योजना के पोर्टल पर सभी स्थानीय स्तर की कंपनियों को पंजीकृत कराने के निर्देश दिए जिससे छात्रों को इंटर्नशिप करने का लाभ मिल सके। साथ ही उन्होंने समस्त प्राचार्य आईटीआई को पीएम इंटर्नशिप योजना में छात्रों के पंजीयन बढ़ाने के भी निर्देश।

छात्रों के लिए लघु अवधि के तकनीकि प्रशिक्षण शुरू कराएं

कलेक्टर ने कहा कि आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में ज्यादा से ज्यादा प्रतिष्ठानों (कंपनियों) को बुलाए। जिससे अधिकाधिक छात्र लाभान्वित हो। साथ ही रोजगार मेले का क्षेत्रीय स्तर पर भी मुनादी आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार भी करें। कलेक्टर ने प्राचार्यों से व्यवसाय, सोलर, ड्रोन तकनीकी, कारपेंटर (वुडेन बर्क) आदि के लघु अवधी के प्रशिक्षण छात्रों के लिए शुरू कराने के भी निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने जल निगम के इंजीनियरिंग प्रोजेक्टों, एमपीईबी के सब स्टेशन पर विजिट करने, निकायों में योजनाओं के प्रचार प्रसार एवं कृषि विभाग के आवश्यक उपकरणों को लेकर छात्रों को प्रशिक्षण हेतु संबंधित अधिकारियों को सहयोग हेतु निर्देशित किया। साथ ही सामाजिक न्याय विभाग को 8 वीं, 10 वीं के दिव्यांग छात्रों के एडमिशन दिलवाने हेतु कहा।

## बेटे ने मां के लिए की 4 घंटे की पदयात्रा

**नवरात्रि व्रत के परायण पर शिक्षा विभाग के कर्मचारी का संकल्प**

छतरपुर।



नवरात्रि में जहां लोग देवी पंडालों में भक्ति भाव से पूजा-अर्चना कर रहे थे, वहीं छतरपुर शिक्षा विभाग के लिपिक विपिन दीक्षित ने अपनी मां के प्रति अटूट श्रद्धा दिखाते हुए अनूठा उदाहरण पेश किया। उन्होंने लगातार नौ दिन का व्रत रखने के बाद उसका परायण करने के लिए छतरपुर से नौगांव तक करीब चार घंटे की पैदल पदयात्रा की।

सुबह 5:35 बजे घर से निकले विपिन दीक्षित 9:30 बजे नौगांव स्थित अपनी मां के पास पहुँचे। वहाँ पहुँचकर उन्होंने माँ के पैर धोकर आशीर्वाद लिया और अपना संकल्प पूरा किया। यह उनकी दूसरी वार्षिक पदयात्रा थी। 2002 में पिता के निधन के बाद उनकी माँ ने ही उन्हें पाल-पोसकर काबिल बनाया। विपिन दीक्षित अपनी माँ को ही 'अम्बे जगदम्बे का स्वरूप मानते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को यह समझना चाहिए कि माता-पिता ही सच्चे ईश्वर हैं। भगवान की पूजा से पहले यदि माता-पिता की सेवा कर ली जाए तो सभी तीर्थों का पुण्य मिल जाता है। उन्होंने भगवान गणेश और रामचन्द्र जी के उदाहरण देते हुए बताया कि हर व्यक्ति की उन्नति माता-पिता के आशीर्वाद में ही छिपी होती है। माँ के सुख, शांति और दीर्घायु के लिए ही वे हर साल यह व्रत और पदयात्रा करते हैं।

## अवैध गुटखा माफियाओं पर यूपी पुलिस व खाद्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई

**पुलिस ने 10 लाख के करीब कीमत का पकड़ा गुटखा दो आरोपी गिरफ्तार**

हरपालपुर।



**निकटवर्ती सीमा थाना महोबकंठ पुलिस ने अवैध गुटखे के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए करीबन 10 लाख रुपये का गुटखा पकड़कर कार्यवाही की गई है जिसमे दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है।**

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कनकुआ मोड़ पर मारुति वेगनआर क्रमांक यूपी 95 जे 8426 में अमित गुप्ता पुत्र अशोक गुप्ता, महबूब पुत्र अकबर अवैध गुटखा सप्लाई कर रहे थे। मौके पर जब पुलिस ने तलाशी ली तो अवैध गुटखा व सुपाड़ी का भारी जखीरा तथा गुटखा बनाने की मशीन, इलेक्ट्रॉनिक कांटा व एक चार पहिया वाहन को बरामद किया गया है जिसकी सूचना खाद्य विभाग को दी गई। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 171/2025 धारा 318(4) 274 बीएनएस धारा 59 खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सुपर पहेली सुगंधित सुपाड़ी 15.5 पोली पैक कुल 55,412 पाउच, गुरु सेटेड सुपाड़ी 2 पोली पैक कुल 7,150 पाउच, किस्मत कंपनी का गुटखा 5 पोली पैक, गुटखा बनाने की मशीन, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, पहेली रैपर का बंडल, कटी सुपाड़ी व तमाखू लगभग 20 किलो की जप्त की गई जिसकी कीमत 10 लाख रुपये बताई जा रही है।

इस कार्यवाही में महोबकंठ एसएचओ विनोद कुमार, एसआई कन्हैया लाल यादव, मोहम्मद अकरम, आरक्षक मनोज कुमार, नितिन कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामलखन कुशवाहा, चंद्रकांत बाजपेयी की भूमिका रही है।

## विद्यार्थियों और आम यात्रियों की मजबूरी को बना रहे कमाई का साधन

छतरपुर।



दशहरा और दीवाली के चलते छतरपुर से भोपाल,इंदौर,दिल्ली जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। इसका फायदा उठाकर बस संचालकों ने किराया चार गुना तक बढ़ा दिया है। परिवहन विभाग की तय दरों के बावजूद बस ऑपरेटर मनमानी वसूली कर रहे हैं। इसके बाद भी विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। छतरपुर से भोपाल जाने वाली बसों में सामान्य किराया अधिकतम 500 रुपए है। इन दिनों यही सीटें 1000 से 1200 रुपए में बुक हो रही हैं। यह दरें बस ऑपरेटरों ने ऑनलाइन साइट्स पर भी डाल रखी हैं।

भोपाल से छत्तरपुर आने वाले छात्र विनीत पाठक ने बताया कि उसे 11 अक्टूबर को छत्तरपुर आना है। जब उसने ऑनलाइन बुकिंग की कोशिश की तो किराया बहुत ज्यादा मिला। शाम 5 बजे भोपाल से छतरपुर जाने वाली अम्बे ट्रेवल्स की बस में सिटिंग सीट का किराया 1500 रुपए, स्लीपर लोअर सीट का 3000 रुपए और अपर सीट का 2200 रुपए दिखाया गया। जबकि सिटिंग सीट का किराया 500 और स्लीपर सीट का 600 रुपए होना चाहिए। यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठाकर बस संचालक मनमानी कर रहे हैं। विभाग की चुप्पी से यात्रियों में नाराजगी है।

प्रति किलोमीटर एक रुपए 25 पैसे की दर निर्धारित है

परिवहन परिवहन विभाग के नियमानुसार बसों का किराया सामान्य तौर पर 1 रुपए 25 पैसे प्रति किलोमीटर की दर से निर्धारित किया गया है। इसके अलावा लग्जरी बसों के किराए में 25 से 75 फीसदी तक की वृद्धि तय की गई है। साल 2021 में जारी आदेश में कहा गया है कि लग्जरी बसों जैसे डीलक्स (नॉन एसी) स्लीपर, डीलक्स (एसी) और सुपर लग्जरी कोच के तय किए गए किराए में रात्रि प्रभार यात्रियों से नहीं वसूला जाएगा। रात्रि प्रभार सिर्फ सामान्य बस ऑपरेटर ही ले सकेंगे। तय किराए में सामान्य बस में रात्रि सेवा 10 प्रतिशत, डीलक्स बस (नॉन-एसी) 25 प्रतिशत, स्लीपर कोच प्रतिशत, डीलक्स बस (एसी) 50 प्रतिशत, सुपर लग्जरी कोच (एसी) 75 प्रतिशत तक किराया निर्धारित किया जा सकता है। लेकिन बस ऑपरेटर किराया निर्धारण करने में अपनी मनमानी कर रहे हैं।

रेड बस और ऐप के जरिए हो रहा बड़ा खेल

बसों की टिकट काउंटर पर बैठे हुए कंप्यूटर ऑपरेटर का बताना है कि बसों का भोपाल इंदौर दिल्ली तक का किराया निश्चित है लेकिन रेड बस,बस ऐप, टिकट सिंपली, ह्यूमन पे, पेटीएम, अभी बस एपो के जरिए तीन गुना दाम वसूला जा रहा है हम लोगों का तो निश्चित रहता है किराया वही हमें ऐप के जरिए मिलता है।

## खबर संक्षेप

### जिले में 1585 किसानों को बांटी गयी 197.120 मीट्रिक टन यूरिया

**रीवा** । जिले के डबल लॉक केन्द्रों तथा सहकारी समितियों से किसानों को यूरिया खाद दी जा रही है। वितरण केन्द्रों में किसानों को ऋण पुस्तिका के आधार पर टोकन दिया जाता है। टोकन में दर्ज दिनांक को किसान निर्धारित मात्रा में खाद संबंधित केन्द्रों से प्राप्त कर रहे हैं। जिले में एक अक्टूबर को डबल लॉक केन्द्रों के माध्यम से 1585 किसानों को 197.120 मीट्रिक टन यूरिया खाद का वितरण किया गया। डबल लॉक केन्द्र चाकघाट में 132 किसानों को 26 मीट्रिक टन, गुढ़ में 186 को 25 मीट्रिक टन, जवा में 104 किसानों को 21.12 मीट्रिक टन, चोरहटा में 958 किसानों को 99 मीट्रिक टन तथा उमरी में 205 किसानों को 26 मीट्रिक टन यूरिया खाद का वितरण किया गया। अभी जिले में चाकघाट में 67.350 मीट्रिक टन, गुढ़ में 58 मीट्रिक टन, जवा में 68.88 मीट्रिक टन, चोरहटा में 74.475 मीट्रिक टन तथा उमरी में 122 मीट्रिक टन यूरिया खाद उपलब्ध है। जिले में डबल लॉक केन्द्रों में 390.705 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है।

### उप मुख्यमंत्री रीवा में आज करेंगे शस्त्र पूजा

**रीवा**। विजयदशमी पर्व पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ किया जाता है। आगामी 2 अक्टूबर को उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल पुलिस लाइन रीवा में शस्त्र पूजन करेंगे। शस्त्र पूजन कार्यक्रम दोपहर 2.30 बजे आयोजित किया गया।

### तीर्थदर्शन ट्रेन 25 अक्टूबर को जाएगी द्वारका और सोमनाथ, बुजुर्गों को निःशुल्क तीर्थयात्रा का अवसर 25 अक्टूबर को

**रीवा** । शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को एक तीर्थस्थान की निःशुल्क यात्रा कराने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना लागू की गई है। इस योजना के द्वारा 60 साल से अधिक आयु के मध्यप्रदेश के निवासी नागरिकों को निःशुल्क तीर्थयात्रा का एक बार अवसर दिया जाता है। इस योजना के तहत रीवा जिले के 200 बुजुर्गों कों 25 अक्टूबर को द्वारिका और सोमनाथ की तीर्थयात्रा का अवसर दिया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी अधिकारी धर्मस्व ने बताया कि तीर्थदर्शन ट्रेन 25 अक्टूबर को रीवा रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। यह ट्रेन 31 अक्टूबर को वापस लौटेगी। इसमें रीवा के 200 बुजुर्गों के साथ-साथ मऊगंज जिले के 179, सतना के 200 तथा मैहर जिले 200 बुजुर्गों को निःशुल्क तीर्थयात्रा कराई जाएगी। तीर्थयात्रियों को सहयोग देने के लिए प्रत्येक जिले से चार अनुरक्षक भी उनके साथ जाएंगे। आवेदक बुजुर्ग को आयकर दाता नहीं होना चाहिए। पात्र बुजुर्ग अपनी जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय अथवा नगरीय निकाय में 13 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लाटरी के माध्यम से तीर्थयात्रियों का चयन किया जाएगा। यात्रा के दौरान सभी तीर्थयात्रियों को ठहरने, भोजन, पानी, चाय और नाश्ते की निःशुल्क सुविधा दी जाएगी। सभी तीर्थयात्री अपने साथ मौसम के अनुकूल कपड़े, अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री तथा दवाएं अपने साथ रखें। महिला तीर्थयात्रियों को आयु सीमा में दो वर्ष की छूट रहेगी।

**एनएचएआई करेगी नगरीय निकायों में कायाकल्प योजना से बनाई गई सड़कों की जांच नगर निगम से मांगी गई अद्यतन रिपोर्ट**

# सीवर और गैस लाइन बिछाने से बिगड़ी सड़कों की हालत

रीवा।





कायाकल्प योजना के तहत रीवा सहित प्रदेश के 106 नगरीय निकायों में निर्मित सड़कों की गुणवत्ता अब संदेह के घेरे में है। नगर निगम रीवा द्वारा बीते वर्ष करोड़ों रुपए की लागत से बनाई गई सड़कों की हालत बारिश के बाद खराब हो चुकी है। अब नगरीय प्रशासन विभाग ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को पत्र लिखकर इन सड़कों की तकनीकी गुणवत्ता जांच कराने के निर्देश दिए हैं। विभाग की पहल के पीछे उद्देश्य यह है कि गुणवत्ता परीक्षण के बिना अगली किस्त का भुगतान न किया जाए। रीवा नगर निगम को भी पत्र जारी कर सड़कों की वर्तमान स्थिति, गारंटी अवधि और कार्यों की अद्यतन रिपोर्ट मांगी गई है। इसमें स्पष्ट कहा गया है कि यदि कोई सड़क गारंटी अवधि में है और फिर भी उसमें गड्ढे या अन्य समस्याएं सामने आई हैं, तो जिम्मेदार एजेंसी पर कार्रवाई की जाएगी। बता दे कायाकल्प योजना के अंतर्गत बीते वर्ष शासन से 40 करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत हुई थी, जिससे रीवा शहर की जर्जर और उखड़ी हुई सड़कों को दुरुस्त किया गया। अधिकांश सड़कों पर डामर का लेप चढ़ाकर मरम्मत कार्य किया गया, जबकि कुछ क्षेत्रों में पूरी सड़कें पुनर्निर्मित की गईं। हालांकि, काम के बाद कुछ शेष राशि वापस भी करनी पड़ी थी।अब स्थिति यह है कि कई मोहल्लों में बनाई गई सड़कें बरसात के चलते फिर से खराब हो गई हैं। स्थानीय रहवासियों की शिकायतों के बाद यह बात सामने आई कि कई सड़कों पर उभरते गड्ढों ने पहले से किए गए कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। कुछ जगहों पर तो नई सड़क बनने के कुछ ही महीनों बाद फिर से खुदाई कर दी गई। बॉक्स रीवा सहित शहडोल संभाग के नगरीय निकायों होगी जांचरीवा शहर के साथ ही रीवा संभाग के कई अन्य नगरीय निकायों में भी सड़कों की गुणवत्ता का परीक्षण होगा। इस सूची में प्रमुख रूप से शामिल हैं नगर परिषद हनुमना (मऊगंज जिला) नगर पालिका मैहर, नगर परिषद अमरपाटन, न्यू रामनगर (मैहर जिला) नगर परिषद बरगवां (सिंगरौली) नगर परिषद चुरहट, रामपुर नैकिन (सीधी) नगर पालिका कोतमा, नगर परिषद अमरकंटक (अनूपपुर) नगर पालिका धनपुरी, नगर परिषद बुढ़ार, जयसिंह नगर (शहडोल) नगर पालिका पाली, नगर परिषद नौरोजाबाद (उमरिया) इन निकायों में बनी सड़कों की जांच भी एनएचएआई के इंजीनियरों द्वारा की जाएगी। रिपोर्ट मिलने के बाद ही अगले चरण की राशि जारी की जाएगी।बॉक्स पेयजल, गैस और सीवर लाइन बिछाने के कारण सड़कें हुई खराबरीवा शहर की अधिकांश अंदरूनी सड़कें पूर्व में कांक्रीट की बनी हुई थीं, लेकिन समय के साथ पेयजल, गैस और सीवर लाइन बिछाने के कारण ये सड़कें खराब हो गईं। नगर निगम द्वारा दबाव में आकर इन कांक्रीट सड़कों के ऊपर डामर का लेप कर सड़कें बनाई गईं, लेकिन यह तरीका टिकाऊ नहीं होता, खासकर जब पुरानी सतह की समुचित मरम्मत न की गई हो। यही कारण है कि बारिश के बाद ये डामरीकृत सड़कें टिक नहीं पाईं और अब फिर से गड्ढों में तब्दील हो रही हैं।बॉक्स अब रिपोर्ट के आधार पर होगा भुगतान, ठेकेदारों की जवाबदेही तयकायाकल्प योजना की अगली किस्त के लिए अब सरकार सख्त मापदंडों पर काम कर रही है। जो भी सड़कें खराब निकलीं और यदि वो गारंटी अवधि में हैं, तो संबंधित निर्माण एजेंसी या ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई तय मानी जा रही है। नगर निगम को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वो प्रत्येक सड़क की स्थिति, गारंटी अवधि और अब तक किए गए अनुरक्षण कार्यों का पूरा विवरण प्रस्तुत करे।

# भगवान कृष्ण से जुड़ा दुर्लभ बरगद का पेड़ रीवा में हो रहा संरक्षित

**रीवा। रीवा शहर के उद्यानिकी परिसर में एक ऐसा दुर्लभ और विलुप्त प्रजाति का पेड़ संरक्षित किया जा रहा है, जिसका संबंध सीधे भगवान श्रीकृष्ण से बताया जा रहा है। इस पेड़ को कृष्ण बरगद के नाम से जाना जाता है, बता दे भगवान श्रीकृष्ण अपने बाल्यकाल में जब माखन चोरी किया करते थे, तो वह पकड़े जाने से बचने के लिए इस पेड़ की पत्तियों को कटोरी बनाकर उसमें माखन छिपाया करते थे। कुछ कहानियाँ तो यह भी बताती हैं कि मां यशोदा ने स्वयं कृष्ण को पहली बार इसी वृक्ष की पत्तियों में माखन परोसा था।**



कहा जाता है कि ईश्वर के इस स्पर्श और उपयोग के कारण इस वृक्ष की पत्तियों का आकार कटोरी और चम्मच जैसा हो गया जो आज भी इस पेड़ की सबसे अनोखी पहचान है। इस वृक्ष की एक और खासियत इसकी पत्तियों का अद्भुत आकार है। इसके बड़े पत्ते कटोरी जैसे गोलाकार होते हैं, जबकि छोटे पत्ते चम्मच की तरह लंबे और गहरे होते हैं। यह प्राकृतिक विशेषता इसे अन्य किसी भी सामान्य बरगद के पेड़ से अलग बनाती है।वन विभाग कर रहा संरक्षण का प्रयासरीवा के वन विभाग द्वारा इस दुर्लभ कृष्ण बरगद को उद्यानिकी परिसर में संरक्षित किया जा रहा है। फिलहाल यह वृक्ष आकार में छोटा है, लेकिन इसे वैज्ञानिक विधियों से बढ़ाकर भविष्य में अन्य स्थानों पर भी रोपण की योजना बनाई जा रही है। विभाग का उद्देश्य है कि न केवल इस विलुप्त होती प्रजाति को बचाया जाए, बल्कि इसके धार्मिक, सांस्कृतिक और औषधीय महत्व को भी जन-जन तक पहुंचाया जाए।बॉक्स आयुर्वेद में भी है विशेष स्थानकृष्ण बरगद केवल धार्मिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि आयुर्वेद में भी अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। विशेषज्ञों के अनुसार, इसकी पत्तियों, छाल और दूध जैसे रस का उपयोग कई बीमारियों के इलाज में किया जाता है। यह पाचन क्रिया को सुधारने, रक्त को शुद्ध करने,सर्दी-जुकाम में राहत देने, जन कम करने, और घावों को भरने में अत्यंत उपयोगी माना गया है। इसके अतिरिक्त इसके दूध का उपयोग प्राकृतिक दर्द निवारक के रूप में भी किया जाता है। दुर्भाग्यवश, विलुप्त होती इस प्रजाति के कारण अब इसके पौधे दुर्लभ हो गए हैं, जिससे आयुर्वेदिक चिकित्सा में इसका उपयोग सीमित हो गया है। संरक्षण से जुड़े भविष्य के प्रयासवन विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों के तहत इस पेड़ को जैव विविधता और धार्मिक पर्यटन के दृष्टिकोण से भी संरक्षित किया जा रहा है। भविष्य में इसकी नर्सरी तैयार कर इसे देशभर के धार्मिक स्थलों, वन क्षेत्रों और आयुर्वेदिक अनुसंधान संस्थानों में वितरित किए जाने की योजना है।

## भावांतर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं - मुख्य सचिव
## वीडियो कान्फ्रेंसिंग से भावांतर योजना के संबंध में दिए निर्देश



**रीवा** । मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को सोयाबीन खरीदी के लिए लागू भावांतर योजना के संबंध में निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि योजना का लाभ उठाने के लिए किसानों का पंजीयन 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किया जा रहा है। सोयाबीन का उपार्जन 24 अक्टूबर से 15 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। किसानों को उपज का अधिकतम दाम देने के लिए भावांतर योजना अत्यंत लाभकारी है। कलेक्टर और कृषि विभाग के अधिकारी भावांतर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। सभी पात्र किसानों का पंजीयन कराएं जिससे किसान योजना का लाभ उठा सकें। प्रदेश भर में 2 अक्टूबर को आयोजित की जा रही विशेष ग्राम सभाओं में नोडल अधिकारी तथा कृषि विभाग के अधिकारी भावांतर योजना की जानकारी दें। सभी मण्डी परिसरों में भावांतर योजना की जानकारी देने वाले होर्डिंग तत्काल लगवाएं। प्रिंट मीडिया तथा सोशल मीडिया में भी भावांतर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। सभी कलेक्टर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित करके योजना की जानकारी दें। किसान तक सही कम्युनिकेशन होगा तभी योजना का प्रभावी क्रियान्वयन होगा।मुख्य सचिव ने कहा कि 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। इस अवधि में कार्यालयों, सभी महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों की विशेष साफ-सफाई कराएं। इसके साथ-साथ कार्यालयों की अनुपयोगी सामग्री को भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्यालय से हटाएं। साथ ही लोक सेवा गारंटी योजना का कठोरता से पालन करते हुए आमजनता को वांछित गतिविधियाँ तय समय सीमा में उपलब्ध कराएं। कार्यालय में लंबित आवेदन पत्रों, शिकायतों तथा अन्य कार्यों को भी इस अवधि में पूरा कराएं। बैठक में अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने भावांतर योजना की जानकारी दी। कमिश्नर कार्यालय से वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर बीएस जामोद, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, प्रभारी संयुक्त संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी तथा कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर प्रतिभा पाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, उप संचालक कृषि यूपी बागरी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## माता-पिता की सेवा करने वाला आजीवन सुखी रहता है - कमिश्नर
## अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर कमिश्नर ने किया सम्मान

**रीवा** । अन्तर्गराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को शाल, श्रीफल एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया। कमिश्नर ने बड़े ही आत्मीय भाव से वृद्धजनों से मुलाकात कर उनका आशिर्वाद प्राप्त किया। तदुपरांत स्वयं अपने हाँथों से वृद्धजनों को भोजन परोसकर उनके साथ सहभोज में शामिल हुए। स्वागत भवन स्थित वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों ने कमिश्नर जामोद के सेवाभाव से अभिभूत होकर उन्हें ह्दय से आशिर्वाद दियासम्मान समारोह में कमिश्नर जामोद ने कहा कि माता-पिता की सेवा करने वाला आजीवन सुखी रहता है। माता-पिता साक्षात भगवान हैं और वह जीती जागती लाइब्रोरी भी हैं जिनके सानिध्य में बैठकर उनसे अनुभव व ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एक दिन नहीं बल्कि प्रतिदिवस माँ-बाप की सेवा करनी चाहिए। जिस परिवार में वृद्धजन सुखी हैं वह परिवार हमेशा सुखी परिवार होता है। उन्होंने कहा कि वास्तव में तो वृद्धाश्रम की जरूरत ही नहीं होनी चाहिए। वृद्धाजनों को उनकी संताने अपने घर में अच्छे से रखें व सेवा करें फिर भी वृद्धाश्रम में जो वृद्धजन रह रहे हैं उनका समुचित देखभाल के साथ ही पूरा ध्यान रखा जाता है। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों की संतानों की काउसिलिंग की जाय और यह प्रयास हो कि वह उन्हें अपने साथ रखें। कमिश्नर ने वृद्धाश्रम में स्थापित लाइब्रोरी, फिजियो सेंटर तथा अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा व्यवस्थाओं की सराहना की। इससे पूर्व वृद्धाश्रम के चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी ने स्वागत उद्बोधन में कमिश्नर श्री जामोद के सेवाभाव के लिये साधुवाद दिया। इस दौरान संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, जयंत खन्ना, एके खान, राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, फणेन्द्र प्रसाद शुक्ल, एनपीएस परिवार, मुकुंद मिश्रा, एसडीएम त्रिपाठी, रामायण गौतम सहित रेडक्रास सोसायटी के अधिकारी, कर्मचारी तथा वृद्धजन उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन करते हुए श्री देवांगन ने वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की।



# तहसीलदार पर नियम विरुद्ध बेदखली आदेश जारी करने का आरोप आदिवासी परिवार ने की डिप्टी सीएम से शिकायत



**रीवा**। शहर के समान हल्का क्षेत्र में कई पीढ़ियों से निवास कर रहे आदिवासी परिवार को भूमि से हटाने के आदेश ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आदिवासी परिवारों ने आरोप लगाया है कि तहसीलदार हूजूर शिवशंकर शुक्ला द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए, बिना किसी पूर्व सूचना या पक्ष को सुने, जबरन बेदखली का आदेश जारी किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित परिवार न उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई। पीड़ितों में शामिल श्यामलाल कोल और बृजलाल कोल (पुत्रगण स्व. कनैहा कोल) ने बताया कि वे वर्षो से आराजी नंबर 250, 253 एवं 245 (कुल रकबा 0.872 हेक्टेयर) में अपने परिवार सहित निवास कर रहे हैं। यह भूमि लंबे समय से उनके उपयोग में है और उन्होंने इसे अपना आशियाना बना लिया है। उन्होंने बताया कि कटरा निवासी संजय सोनी, जो पेशे से अधिवक्ता हैं, ने इस भूमि पर दावा करते हुए बेदखली के लिए आवेदन दिया है।आरोप है कि तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला ने मामले में बिना पीड़ित आदिवासी परिवार की सुनवाई किए ही आदेश पारित कर दिए। इस कार्रवाई को पीड़ितों ने एकतरफा और नियम विरुद्ध बताया है। पीड़ित परिवार ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि तहसीलदार ने संभवतः आर्थिक लाभ लेकर यह आदेश जारी किया है। उनका यह भी कहना है कि संजय सोनी और उनके पिता उमाशंकर सोनी, दोनों अधिवक्ता हैं, और विगत वर्षों से भूमि संबंधी विवादों में उनकी संदिग्ध भूमिका रही है। आदिवासी परिवारों का आरोप है कि सोनी परिवार षड्यंत्रपूर्वक कमजोर वर्ग की जमीनों पर कब्जा करने की कोशिशें करता रहा है, और प्रशासन के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से यह संभव हो रहा है। प्रभावित परिवार ने पूरे मामले की जानकारी उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला को दी। उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग की और बेदखली आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की। उपमुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने का भरोसा दिया है।

## सिरमौर-डभौरा मार्ग का 311.62 करोड़ रुपए की लागत से होगा नवीनीकरण, नेशनल हाईवे के मानकों पर होगा निर्माण, 37 किमी सड़क को मिलेगा नया रूप

रीवा । लंबे समय से खस्ताहाल सिरमौर-डभौरा मार्ग के पुनर्निर्माण की राह आखिरकार खुल गई है। केंद्र सरकार ने इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना के लिए 311.62 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कर दी है। यह सड़क अब नेशनल हाईवे के मानकों पर बनेगी, जिससे न केवल क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी बल्कि उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच यातायात भी सुगम हो सकेगा। यह मार्ग उत्तर प्रदेश के शंकरगढ़ से लेकर छत्तीसगढ़ के कबीरचौरा तक कई हिस्सों में विकसित किया जा रहा है। सिरमौर से डभौरा तक की दूरी करीब 37 किलोमीटर है, जिसका निर्माण कार्य अब नए सिरे से शुरू किया जाएगा। हाल ही में इस मार्ग को नेशनल हाईवे नेटवर्क में शामिल किया गया है। कुछ वर्ष पूर्व इस मार्ग का निर्माण कार्य कराया गया था, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता कमजोर होने के चलते यह सड़क बहुत जल्द गड्ढों में तब्दील हो गई। लगातार हो रही दुर्घटनाओं और जनप्रतिनिधियों की मांगों के चलते सरकार ने अब इस सड़क के पुनर्निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाया है। सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को ज्ञापन सौंपकर इस मार्ग को फोरलेन बनाने की मांग की थी। इस अनुरोध के बाद ही केंद्र सरकार ने इसे स्वीकृति प्रदान की है। परियोजना की निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, और वर्कऑर्डर भी जल्द जारी किए जाने की संभावना है। हाल ही में संभागीय समीक्षा बैठक में भी इस परियोजना पर चर्चा हुई, जिसमें एसीएस रश्मि अरुण शमी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए और कार्य समय पर पूरा हो। हालांकि अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि 31 दिसंबर तक कार्य पूरा होना संभव नहीं है, क्योंकि अभी निविदा प्रक्रिया ही प्रारंभिक चरण में है। निर्माण की प्रगति के आधार पर समयावधि बढ़ाई जा सकती है।

# विशेष ग्राम सभाओं में भावांतर योजना की जानकारी दें -कलेक्टर

### ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन आज

**मऊगंजः जिले की ग्राम पंचायतों में 2 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ग्राम सभाओं के अनिवार्य रूप से आयोजन के निर्देश दिए हैं।**



कलेक्टर ने कहा है कि ग्राम सभाओं में नोडल अधिकारी और कृषि विभाग के अधिकारी सोयाबीन खरीदी के संबंध में लागू भावांतर योजना के संबंध में जानकारी अनिवार्य रूप से दें। ग्राम सभा में उपस्थित सभी व्यक्तियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाएं। ग्राम सभा में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित हितग्राहियों की सूची का वाचन करें। सिकल सेल एनीमिया, मुक्तिधाम की समुचित व्यवस्था, अटल ई सेवा केन्द्र स्थापना, ग्राम पंचायत में पीएम सूर्यघर बिजली योजना से सोलर पंप स्थापित कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी योजना को एजेण्डा बिन्दुओं में शामिल कराएं। ग्राम सभा में प्राकृतिक खेती, महिला स्वसहायता समूहों के वित्त पोषण, ग्राम पंचायत मृं स्वच्छता अभियान तथा नशामुक्त भारत अभियान के संबंध में भी प्रस्ताव पारित करें। ग्राम सभा में वनाधिकार अधिनियम से छूटे हुए परिवारों के दावा प्रकरण से संबंधित प्रस्ताव प्रस्तुत करें। ग्राम सभा में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में दी जा रही उपचार सुविधाओं, जन आरोग्य समिति, ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति तथा महिलाओं एवं शिशुओं की स्वास्थ्य रक्षा के संबंध में चर्चा करें। नोडल अधिकारी के माध्यम से ग्राम सभा के आयोजन का प्रतिवेदन फोटोग्राफ सहित प्रस्तुत करें

**मलैगवां मे स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन**

## 186 हितग्राहियों ने स्वास्थ्य शिविर में लिया लाभ



**मऊगंज**। जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मलैगवां मे स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत डॉ संजीव शुक्ला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार तथा डॉ प्रदुमन शुक्ला बीएमओ मऊगंज के मार्गदर्शन में महिलाओं हेतु एक दिवसीय विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । जिसमे 186 हितग्राहियो ने स्वास्थ्य लाभ लिया ! स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद पंचायत सदस्य गिरजा प्रसाद साकेत द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया प्रोगाम मैनेजर पुष्पराज विश्वकर्मा द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया शिविर का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें समय पर आवश्यक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया जाना था । विशेषज्ञ शिविर से महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं समय पर परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ ।इस शिविर में महिलाओं को स्वास्थ्य परामर्श, आवश्यक जाँच एवं उपचार सेवाएँ निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं ।इस शिविर में किशोरियों का परीक्षण कर स्वास्थ्य शिक्षा की जानकारी प्रदान की गई। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ द्वारा चिकित्सकों की उपस्थिति रही, जिनमें डॉ हरीश कुमार सोनी, डॉ.पुष्पेंद्र मिश्रा,डॉ आशीष पटेल,डॉ आर डी साकेत, सेक्टर सुपरवाइजर अशोक द्विवेदी, शशि शर्मा,प्रोगाम मैनेजर पुष्पराज विश्वकर्मा, फार्मासिस्ट जितेंद्र तिवारी, नर्सिंग स्टॉफ सुनीता पटेल , रीनू पटेल,सीएचओ दीपा सिंह, स्नेहा विश्वकर्मा, एएनएम कौशल्या साकेत,सुभद्रा सिंह, सुमन सिंह,ऑपरेटर मनु पांडेय ,रनर बाय विपिन साकेत , और सभी आशा मिलकर शिविर को सफल बनाने में स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की भी सक्रिय भागीदारी रही..

## खेत से लौट रहे चाचा-भतीजे पर हमला, पुलिस के सामने भी मारपीट की कोशिश रास्ते के विवाद को लेकर हुई झड़प, दोनों घायल

रीवा।

जिले के जवा थाना अंतर्गत ग्राम बवंधर में देर रात हुआ आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। खेत से लौट रहे चाचा-भतीजे पर गांव के ही कुछ लोगों ने रास्ते को लेकर विवाद करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। घटना में भतीजे को सिर पर गंभीर चोटें आई हैं, वहीं चाचा के नाक और सिर में भी गहरी चोट लगी है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है,बता दे पीड़ित समीर यादव (19 वर्ष), निवासी ग्राम बवंधर, ने पुलिस को बताया कि वह अपने चाचा अखिलेश यादव के साथ खेत से घर लौट रहा था। रात करीब साढ़े आठ बजे जैसे ही दोनों अभिषेक यादव के घर के पास पहुंचे, तभी पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने रास्ते को लेकर कहासुनी शुरू कर दी। बात बढ़ी तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए समीर और उनके चाचा पर लाठी-डंडों और मुक्कों से हमला कर दिया। घटना की आवाज सुनकर समीर की दादी रागिनी यादव और चाची संगीता यादव मौके पर पहुंचीं और बीच-बचाव करने लगीं। लेकिन आरोपियों का गुस्सा इतना ज्यादा था कि उन्होंने महिलाओं के साथ भी बदसलूकी की और सभी को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। मारपीट में समीर को सिर पर गंभीर चोटें आई हैं जबकि चाचा अखिलेश के नाक और सिर में चोट लगी है। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना के बाद जब वे 112 डायल कर पुलिस को सूचना देकर थाने जा रहे थे, तभी आरोपी अपनी कार से आए और पुलिस डायल 112 की मौजूदगी में एक बार फिर हमला करने की कोशिश की। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए स्थिति को संभाला और पीड़ितों को सुरक्षित थाना पहुंचाया।